an>

Title: Regarding price control of sugar by the government.

डॉ. सत्यपाल सिंह (बागपत) : अध्यक्ष जी, जैसे अभी डॉ. भोला सिंह जी कह रहे थे, मैं भी कहना चाहता हूं कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में खासकर मेरे संसदीय क्षेत्र बागपत में किसानों की हालत अत्यंत दयनीय है। लगभग 225 करोड़ रुपए उनके बकाया हैं। जो उद्योगपति मोदी हैं, उनकी दो मिल्स मोदी नगर और मलकपुर में हैं। दोनों के अंदर हमारे पूरे प्रयत्न के बावजूद भी उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। पिछले वÂर्ान 231 करोड़ रुपए वहां से साइफन ऑफ किए गए। मेरा आपके माध्यम से सरकार से निवेदन है कि आज चीनी का दाम 23-24 रुपए प्रति किलोग्राम तक आ गया है। जो शूगर मिल्स चल रही हैं, वे कभी भी बंद हो सकती हैं, क्योंकि वे लाभ में नहीं हैं। मेरा आपके माध्यम से सरकार से निवेदन है कि चीनी का दोबारा प्राइस कंट्रोल किया जाए। जब प्राइस कंट्रोल होगा, तब जाकर किसानों की हालत ठीक होगी और तब जाकर शूगर मिल्स सुचारू से चल पाएंगी।

माननीय अध्यक्ष: जगदम्बिका पाल जी, आपका भी यही विÂर्ाय है इसलिए संक्षेप में अपनी बात कहें।